महत्वपूर्ण एवं खास

बारात से लौट रहे बुलेरो वाहन हुई दुर्घटनाग्रस्त दुर्घटना में 6 घायलों को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

न्याय साक्षी/रायगढ़। पूंजीपथरा राइनो को समारूमा के पास ट्रक और बोलेरो वाहन के बीच एक्सीडेंट का इवेंट प्राप्त हुआ। सड़क दुर्घटना के इवेंट पर ईआरवी वाहन पर डॉयल 112 आरक्षक मुकेश चौबे, चंद्र कुमार बंजारे घटनास्थल समारूमा के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर ट्रक और बोलेरो के एक्सीडेंट में 6 लोग घायल थे जिन्हें डायल 112 आरक्षकों ने सीएचसी घरघोड़ा ले जाकर भर्ती कराये । सभी आहत सरिया से भालूमार बारात आए थे और वापस भालूमार जाते समय दुर्घटना का शिकार हुए । घायलों के नाम - (1) विशाल यादव पिता लक्ष्मी प्रसाद यादव उम्र 26 वर्ष निवासी संजय मैदान रामभाटा (2) परमानंद धनवार लखपति धनवार उम्र 23 वर्ष निवासी सरिया (3) विनय पटेल 21 वर्ष निवासी सराईपाली पुसौर (4) देवेंद्र वैष्णव उम्र 24 वर्ष निवासी सरिया (5) सोनसाय डनसेना उम्र 27 वर्ष निवासी सरिया (6) चैतन सिदार उम्र 21 वर्ष निवासी बरपाली सरिया को चोटें आई है।

सारंगढ चकदरहा नाला के पास मिले युवक की शव की जांचोपरांत हत्या का अपराध दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना सारंगढ के मर्ग क्रमांक 59/18 धारा 174 जाफौ के मृतक मनोहर सिदार पिता कन्हैया सिदार उम्र 23 वर्ष साकिन पैलपारा सारंगढ की मृत्यु की सूचना उसके रिस्ते के चाचा सूरजबली आ. पहाड़ सिंह गोड़ उम्र 65 वर्ष ने दिनांक 22.06.19 को थाना सारंगढ़ में दर्ज कराया था। मर्ग जांच में मृतक के वारिसान बताये कि मनोहर सिदार का विवाह नही हुआ था। मनोहर सिदार शराब पीने का आदी था अधिक मात्रा में रोज शराब पीता था। उसके बड़े भाई का विवाह हो रहा था है कि दिनांक 20.06.18 के सुबह काम करने के लिए घर से निकला था और वापस नही आया । दो दिन बाद गांव में हल्ला हुआ कि मनोहर सिदार चकदरहा नाला के पास पठार में मृत पड़ा है । शव में कीड़ा लगकर बदबू दे रहा है । परिजन शंका किये थे कि मनोहर अधिक शराब पीता था संभवतः अत्यधिक शराब सेवन कर गिरकर फौत हुआ होगा । मर्ग जांच दौरान पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त किया गया एवं प्राप्त पी.एम. रिपोर्ट में कुछ आवश्यक क्युरी पोस्टमार्टमकर्ता डॉक्टर से कराया गया, जिसका रिपोर्ट प्राप्त हुआ है । पी.एम. एवं क्युरी रिपोर्ट पर मृतक की मृत्यु हत्यात्मक लेख होने से दिनांक 27.06.19 को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 289/19 धारा 302 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कीटनाशक सेवन के दो पीड़ितों को डायल 112 की मिली सहायता

न्याय साक्षी/रायगढ़। बरमकेला राइनो को रंगाडीही धनीगांव में गणेश चौहान पिता अर्जुन चौहान उम्र 26 वर्ष द्वारा कीटनाशक का सेवन कर लिए जाने का इवेंट (सूचना) मिला था। वहीं दोपहर करीब 1:30 बजे तमनार राइनो को तमनार दंदरी के रहने वाले 17 वर्षीय बालक लक्ष्मी उरांव पिता पतिराम उरांव द्वारा चूहा मार दवाई सेवन करने के इवेंट पर रवाना किया गया था। पीड़ितों को डायल 112 राइनो स्टाफ के आरक्षकों ने ईआरव्ही वाहन से उपचार के लिए निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराये हैं ।

पौधों को अब पेड़ बनाने की जिम्मेदारी हम सब की- मंत्री उमेश पटेल

एक लाख से अधिक पौधों का हो रहा रोपण, खरसिया वन परिक्षेत्र से शुरू किया गया पौधरोपण कार्यक्रम

न्याय साक्षी/रायगढ़। पौधे रोपने के बाद सब से महत्वपूर्ण बात यह है कि हमे उन्हें पेड़ बनाना है और इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। हम सभी के प्रयासों से पौधें पेड़ बनेंगे उक्त बाते उच्चशिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एंव रोजगार, विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उमेश पटेल ने आज वन विभाग द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। खरसिया वन परिक्षेत्र के नवागांव में कक्ष क्रमांक 1164 पीएफ में पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री उमेश पटेल ने अपने संबोधन में बताया कि मेरे पिताजी ने जब यहां पौधरोपण किए तब मनोज पांडे एसडीओ के रूप में पदस्थ थे और आज जब मैं पौधरोपण कर रहा हूं, तो मनोज पांडे डीएफओ हैं। उन्होंने कहा किपौधे हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है और हमे सिर्फ पौधों को रोपना नहीं, बल्कि इसे पेड़ बनाना है। हम सभी को पूरा प्रयास कर पौधों को पेड़ बनाना है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि खरसिया विधानसभा के कुछ गांव क्षेत्र में सड़क की समस्या है और वन विभाग की भूमि होने के कारण सड़क निर्माण में परेशानी हो रही है, तो उन्होंने इस पर डीएफओ को ध्यान देने संबंधी बाते कही। मंत्री उमेश पटेल ने उपस्थित लोगों को यह भी संबोधित करते हुए बताया कि खरसिया विधानसभा में कुछ जगह लो वोल्टेज की समस्याएं आ रही है और इस समस्या को दूर करने के लिए जल्द ही एक नए सब स्टेशन की स्थापना की जाएगी। इसके बाद यहां बिजली की भी समस्या दूर हो जाएगी। वन मंडल रायगढ़ द्वारा आयोजित इस पौधरोपण कार्यक्रम में सर्वप्रथम उच्चशिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एंव रोजगार, विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उमेश पटेल ने पौधरोपण किया। इसके अलावा सीसीएफ एचएल रात्रे व अन्य प्रशासनिक अधिकारी सहित डीएफओ मनोज पांडे, एसडीओ एनआर खूंटे, एसडीओ घरघोड़ा टीसी पहारे, सेव फारेस्ट के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने भी पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान खरसिया के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अभय महंती, रामदयाल राठिया, भोगसिंह राठिया ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। रायगढ़ वन मंडल के खरसिया वन परिक्षेत्र के नवागांव में कक्ष क्रमांक 1164 पीएफ में राज्य कैंपा निधि से क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां रकबा 60 हेक्टेयर में 61668 पौधों का रोपण किया जाना है और इसके अलावा यही एक अन्य स्थल पर 50 हेक्टयर में भी पौधरोपण होना है और कुल यहां 110 हेक्टेयर में एक लाख 21 हजार पौधों का रोपण किया जाना है।

ढाबा संचालक के पास से 8 पेटी देसी/विदेशी मदिरा शराब जप्त

न्याय साक्षी/रायगढ़। पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर सराईपाली में संचालित ढाबा के संचालक प्रदीप पांडे पिता शिव शंकर पांडे उम्र 51 वर्ष निवासी जमसर थाना चंदवक जिला बनारस हाल मुकाम पूंजीपथरा के कब्जे से 5 पेटी देसी शराब व 3 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा कुल 384 पाव मदिरा जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2)59 का आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

व्ही.आई.पी. मूव्हमेंट के दौरान शहर के कुछ मार्ग पर वाहन किये जायेंगे डायवर्ट

» आमजन को परेशानी न हो इसलिए यातायात पुलिस ने जारी किया रूट चार्ट

न्याय साक्षी/रायगढ़। माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन का रायगढ़ जिले में आगमन प्रस्तावित है । जिसे देखते हुए आमजन के सुगम यातायात एवं व्ही.आई.पी. सुरक्षा मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा रूट चार्ट तैयार किया गया है । रूट चार्ट के अनुसार किरोडीमल चौक, रामभांठा मार्ग तिराहा मोड, केवडाबाडी, संजय मैदान तिराहा एवं संजय मैदान में फिक्स बेरिगेट बनाये गये हैं । केवडाबाडी चौक एवं संजय मैदान तिराहा पर चार पहिया वाहनों का डायवर्सन पांईट होगा। यातायात पुलिस द्वारा रूट चार्ट तैयार किया गया है।



महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर गोंड़ समाज के प्रतिभावान हुये छात्र-छात्रा सम्मानित

न्याय साक्षी/रायगढ़। गोंड समाज कर्मचारी संघ वि.खं. लैलूंगा के तत्वाधान मे 24 जून वीरांगना महारानी दुर्गावती का 455 वीं बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में गोंड समाज राठ क्षेत्र अध्यक्ष रतन सिंह पोर्ते के अध्यक्षता में क्षेत्रीय विधायक चक्रधर सिंह सिदार जी के मुख्य आतिथ्य में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बलिदान दिवस के अवसर पर समाज के 5वीं,8वीं स्तर के प्रतियोगी परीक्षा में चयनित व कक्षा 10वी, 12वीं 2019 की परीक्षा में 70त्न से अधिक अंको के साथ उत्तीर्ण तथा बहुप्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया, जिसमे 10 वी में 90 प्रतिशत राजेंद्र जगत पिता जयप्रकाश सिदार,घनश्याम पिता पीताम्बर सिदार 88 प्रतिशत, किरण पिता मंगल साय सिदार 87 प्रतिशत, डफिंग सिंह पिता प्रहलाद सिदार 85 प्रतिशत ,पंकज सिदार पिता जितेंद्र सिदार 84 प्रतिशत रहा ।उन्ही 12वी में यशदीप सिदार पिता जयकुमार सिदार,86 प्रतिशत, उमाशंकर पिता बल्लभीप्रशाद 82 प्रतिशत ,यसवंत पिता गोकुल सिदार77 प्रतिसत ,रेशमलाल पिता लोचन 77 प्रतिसत ,शीमा बाई पिता सुकुन्द राम 74 प्रतिसत रहा ।इस अवसर पर विधायक जी अपने पिता दिवान स्व. आदित्य सिंह की समृति चिन्ह व संतोष पोर्ते (उ.व.शि) ढोर्रोबीजा द्वारा बालिकाओं को शिक्षा के लिये प्रेरित करने अपनी सुपुत्री स्व. अंजलि पोर्ते की समृति में कक्षा 10वीं व 12वीं में टॉप करने वाले समाज के बालिकाओं के लिये प्रतिवर्ष 5-5 हजार देने की घोषणा के के साथ इस वर्ष के प्रथम स्थान पर रहे बालिकाओं को 5-5 हजार रुपये दिया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार दो न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवन्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480